# 1985 - इस्लाम की शुरूआत कब हुई ?

**प्रश्न**

इस्लाम की शुरूआत कब हुई ? तथा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम और ईसा अलैहिस्सलाम के बीच कितना अंतराल है ?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

इस्लाम की शुरूआत नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के अवतरण से हुई जब जिब्रील अरब के प्रायद्वीप के मक्का नगर में अल्लाह की ओर से वह्य लेकर आपके ऊपर उतरे और वह रमज़ान के महीने में सोमवार का दिन था, उस समय आपकी उम्र का चालीसवाँ वर्ष था और यह आपके मदीना की ओर हिज्रत (स्थानांतरित) करने से तेरह वर्ष पूर्व की बात है (और वही हिज्री तारीख की शुरूआत है) और ईसवी तारीख के हिसाब से आपको लगभग 608 या 609 ईसवी में संदेष्टा बनाया गया, और सलमान फारिसी रज़ियल्लाहु अन्हु ने (जो कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के सहाबा में से हैं) इसे बात की सूचना दी है कि मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम और ईसा अलैहिस्सलाम के बीच छः सौ साल का अंतराल है।